"We help your Business to Grow"

42 YEARS 1981-2022
Successful Auto Journalism

For more details Login
parivahansampda.com

Registered with the Registrar of News Paper for India Under No. 38126/81
Postal Registration No. Jaipur City/211/2021-2023

अभी मास्क भी और वैक्सीन भी — जहां जाइयेगा, हमें पाइयेगा

परिवहन सम्पदा

42 वर्षों से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में देश की एक मात्र अग्रणी पत्रिका

Register at www.parivahansampda.com and access a Whole New World of Automobile Trade

Year : 42 / Issue : 07 / 15th July, 2022 (Fortnightly) / Price 20/- / Yearly 500/- / 3 Yearly 1200/- / 5 Yearly 1750/- / Life 4000/- / Page-64

IATF 16949 : 2016 Certified Co.
quality austria central asia
Succed with Quality

MACAS® AUTOMOTIVE

Clutch
Brake Lining
Button
Flywheel

Tiger Zinda Hai....

Thanks to our Customer's Faith
Macas Now Stand On Own Brand
1st Quarter 60% Jump 2022-23

Mechanics Love MACAS
By Birth Clutch Manufacture
AF Brake Best Quality
Quality of OEM

Jai Maharashtra

Tiger Orissa

MD Visit Hissar Tiger

President Mechanic Associate Kathmandu

Tiger Rajasthan

Only Co. GM Self Online on Customer Service
& on MRP also # 9810135047

OUR RANGE
Largest Customer Network
After Market | OEM | STU | Defence | Export

For Trade Enquiry Contact :
Pramod Kumar (General Manger Marketing) +91 981 0135 047
Mohd. Asif (Marketing Manager) +91 981 0727 436
Salim Khan (Manager OEM & Export) +91 981 0875 426

117, DLF Industrial Area, Phase-1, Faridabad-121 003 (Haryana)
+91 129 418 8505, 418 8506 mktg@macasautomotive.com
www. macasautomotive.com sales@macasautomotive.com

MACAS 100% Indians.

Range :- 160 Ø to 430 Ø Only One

Continental
The Future in Motion



Raw Edge
Timing Belts
Multi Rib Belts
Timing Belt Kits
ContiTech

AGRAWAL'S
AGRAWAL TRADING CO.
BANASTHALI MARG, JAIPUR
PH:9829255324/9829068874 | E-mail: ea@agrawals.org.in

LOOKING FOR DEALERS ACROSS INDIA

FIRST CHOICE OF OEM's, STU's & INDIAN DEFENCE 100%

ऐल-चिको
EL-CHICO
CLUTCH SYSTEM
An IATF 16949:2016
Certified Company

MAKE IN INDIA

MANUFACTURING QUALITY
BUILDING RELATIONSHIPS

UNITED REGISTRAR OF SYSTEMS URS IATF 16949

RANGE 160MM TO 430MM CLUTCH AVAILABLE

PREFERRED SOURCES FOR OEM'S | OE'S | DEFENCE INSTITUTIONS | AFTER MARKET

New Appointed Distributors

1. APDI (Auto Parts Distribution India Pvt. Ltd.) Maharastra
   Branches : Mumbai, Nasik, Aurangabad, Nagpur
2. Tirupati Automotives, Pune (Maharastra)
3. Choudhary Automobiles, Hapur (U.P.)
4. Sher-A-Punjab, Ludhiana (Punjab)
5. Mahavir Motors, Delhi

Sales Enquiry
M Kansal 99116 67922 99717 18875
(General Manager Sales & Marketing)

Siddhartha Sharma 97116 06081 8076463925
(Manager Sales & Marketing)

EL-Chico Clutch Pvt. Ltd.

Plot No. 252, Sector-24, Faridabad-121 005 (Haryana)
Ph. : 0129-2230455 Email : elchicoclutch@gmail.com
Website : www.elchicoclutch.com

PEE SIX GEARS ®

Since - 1976

PEE SIX GEAR

PEE SIX GEAR

OUR PRODUCTS:

- Synchronizer Ring
- Differential Gear Parts
- Transmission Gear Parts
- Propeller Shaft Parts
- Steering Worms & Sector Shafts
- Crown Wheel Pinion
- Steering Cross Rod Assy.
- Universal Joint Cross
- Flywheel Ring Gears
- Steering Knuckles
- Steering Racks & Pinions
- Water Pumps
- Axles /CV Joints / Axle Bearings
- Ignition Coil
- Pulley
- Disc Rotors
- Brake Drums
- Brake Adjusters
- Brake Pads And Shoes
- Wheel Cylinders



Jagdish Automobiles

Sales Office : 761/2, Chabi Ganj, Kashmere Gate, Delhi-110006
Phone : 011-47878770 Mobile: +91- 8860094000
E-mail: sales@peesixgears.com, Website : www.peesixgears.com

BUSINESS ENQUIRIES SOLICITED FROM ALL OVER INDIA

"Download our app from google play store"

Your Reliable Automotive
Infra & Reining Partners

Specializing in Trailer Items and
Construction Equipments &
Automotive Parts

CASE CONSTRUCTION
Sales-Service
& Spares

TATA
JOST
WABCO
WHEELS INDIA LIMITED
SSWL
KNORR-BREMSE
BRAKE PARTS
HIDROMAS
INDIA MANUFACTURING PRIVATE LIMITED
DYNATECH
Powering Progress
JAI
Jamna Auto Industries Ltd.
wipro
BKT
GROWING TOGETHER

KOBELCO
Sales-Service
& Spares

ARAI Approved
Lighting & Wiring
Mudflaps &
Mudguards

Hydraulic Oil

Hydraulic
Tipping Kits & Parts
Hidromas
Tip-Trailer & Tipper
WIPRO
Earthmoving
Cylinder Parts
PTO'S
• Alpha Drive
(OEM)

Lift Axle &
Lift Axle Suspension

SINCE 1969
DEDICATED TO LATE SH. MOOL CHAND AGARWAL

GANGANAGAR motors

Head Office : 11, Moolchand Tower, Opp. LIC Building, Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan)
sales@gnmotors.org www.gnmotors.org
+91- 7300086007 (Neelam Saini) 7849904575 (Bharti Motwani)
Branches :
Rajasthan : Alwar, Ajmer, Bikaner, Bhilwara, Jodhpur, Kekri, Kota, Merta City, Neem Ka Thana, Udaipur
State : Chattisgarh (Raipur), Delhi, Gujarat (Ahemdabad, Gandhidham), Haryana (Hissar), Kolkata, Punjab, U.P. (Lucknow), Assam (Gauhati), Jharkhand (Jamshedpur), MP (Indore) Upcoming Maharastra (Pune), Haryana (Gurgaon)

BSM
Leaf Springs
SUPER TIGHT
AUTO PARTS
SAINCO
Bronze Bushes
MERITOR
AXLE AND BRAKE PARTS EXPERTS
QUALITY • RELIABILITY • DURABILITY
KOMET
PARTS
All Type Steel Bush
bsi
PRODUCTS
AUTO PARTS
UNIK IS NAME UNIQUE IN QUALITY
UNIK
O.E. Suppliers
Leaf Springs
JMP
Hanger & Shackle
LSPL
U-Bolts & Kamani Clips
UNIPLUS
GUARANTEED
100%
SATISFACTION
Also Available All type of Trailer Suspensions Parts
Authorised Distributor For Rajasthan
MiLAN
MOTOR & TRACTOR PARTS
Godown No. 15-B. Near Water Tank, Transport Nagar
Jaipur-302003 (Rajasthan)
0141-2640073, 4010073 +91-9414371791
milanjaipur94@gmail.com
BRONZE BUSHES
Specialist In All Type & Complete Range of Kamani Parts

RMOSS®
REDEFINED ENGINEERING

No.1 in Flywheels

LUTHRA
GOVERNMENT RECOGNIZED EXPORT HOUSE

FLYTECH®
PERFORMANCE PAR EXCELLENCE...

- FLYWHEEL ASSEMBLY
- RING GEAR
- BRAKE DISC
- BRAKE DRUM
- LEYLAND BACK PLATE
- LEYLAND FACE PLATE
- PRESSURE PLATE
- CLUTCH COVER

DEALER ENQUIRY SOLICITED

LUTHRA INDUSTRIAL CORP.
B-1, Site B, Sikandra Industrial Area, Artoni, Agra-282007 (INDIA)
Mob : +91-95578 88888, 98370 23808
Email : info@flywheelassembly.com | backoffice@flywheelassembly.com
Website : www.flywheelassembly.com| www. luthragroup.in

For Distributor Enquiry
Contact
Mr. Kapil Saraswat
+91-70553 00029

AN IATF 16949, ISO 27001, ISO 50001, OHSAS 18001, ISO 14001 & AN ISO 9001 CERTIFIED COMPANY

BST AUTO

BST AUTO PVT. LTD.

BST Auto Group

Manufacturers & Exporter of

Truck / Trailer Parts

Dummy Axles
Mechanical Suspensions
Brackets-Shackles-Wheel Hubs
Brake Spiders-U-Bolt Brackets
Checknuts-Equalizers-Brake Drums
Torque Arms-Trunnions Etc.

For

TATA - LEYLAND - EICHER CANTER
MERCEDES - VOLVO - SCANIA - MAN - AMW
FUSO - HINO - NISSAN - MAHINDRA NAVISTAR
REYCO - FUWA - HUTCHSEN - HENDRICKSON
ROR - BPW - FORD ETC.

O. E Customers:

ASHOK LEYLAND | AMW | SONALIKA INTERNATIONAL | ACE

MAKE IN INDIA

Axle & Trailer Components

AN IATF16949:2016 CERTIFIED COMPANY | National And International Award Winner

60 Year of Serving the Industry

Behind Reru Cold Storage, Focal Point Ext., Jalandhar - 144004 (Punjab) India
Key Person : Mr. Lokesh Jain (Managing Director) Mobile : +91-8872757711/22/33
Email : info@bstautogroup.com

www.bstautogroup.com

(REGD.)
ESTD.: 1951

WE'RE WHAT
DRIVES
YOU.

DEALER / DISTRIBUTOR ENQUIRIES SOLICITED

INNOVATION. PERFORMANCE. PROTECTION.
YESTERDAY. TODAY. **TOMORROW.**

D. D. INDUSTRIES LIMITED
Manufacturers of : Propeller shafts & Components

(REGD.)
ESTD.: 1951

Email : info@ddindustriesltd.com | Contact : 011-28115552-54, 9811443243, 9871301040
Sales Office : A-50/3, Mayapuri Industrial Area-I, New Delhi-110064
Corporate Office : A-100, Mayapuri Industrial Area-II, New Delhi-110064
Manufacturing Unit : B-33, Mayapuri Industrial Area-I, New Delhi-110064

We make as per :
Your designs
Your specifications
Your requirements

XGS®
QUALITY PARTS
Automotive Chassis Components



Our Credo:
CUSTOMER
FRIENDLY
SUPPORT
INNOVATIVE
POSITIVE
PRECISE
TIMELY

Areawise Distributor Enquires are Solicited

Specializing in Trailer Parts 3118/Hywa/Prima/Signa

TATA | ASHOK LEYLAND | Mahindra | EICHER | SHARATBENZ | Fuwa® | KKTC Think Long Run... | AMW BUILT TO WIN | YORK SIMPLY MILES AHEAD | MAN

Manufacturers & Exporters
S. D. AUTO INDUSTRIES
Udyog Nagar, V.P.O. Gadaipur, Behind Focal Point, Jalandhar - 144 004 (Punjab)
181 292 6526 988 806 9221
988 800 6921 987 890 3666
www.sdiautoindia.com
sdijalandhar@gmail.com
info@sdiautoindia.com

PYKEN
KEEPS YOU MOVING
New Generation Truck Spares

Pyken Industries

Plant-I : C-7, Street No.13, Phase-1
Krishna Vihar Industrial Area, Sewadham
Ghaziabad-201 102

Plant-II : 7, Arjun Gali, Phase-1
Mandoli Industrial Area,
Delhi-110 093

+91-9999847072
+91-9873432000

rajdanautoparts@gmail.com

www.pykenautoparts.in

Manufacturer of Rubber Parts for New Generation Trucks & Tippers

bb

binbow

AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY

... technology of tomorrow

OIL SEALS

HOSE PIPES, O RINGS & RUBBER PARTS

MFD BY : BINBOW AUTO INDIA PVT. LTD.
WORKS: A-2, SECTOR-B-1, TRONICA CITY, LONI-GHAZIABAD (U.P.) 201102
CONTACAT NO. : 0120-2696896

b

bnb

AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY

OIL, FUEL, AIR FILTERS, CLUTCH PLATES & BRAKE LININGS

MFD By : **BNB Auto Industries**
B-18, Sector-A-5&6, Tronica City, Loni-Ghaziabad (U.P.) Contact No. : 0120-2696661

Oil Seals, Filters for Automobiles, Agricultural Equipments & Industrial Sector

Authorised Distributors
AGRAWAL TRADING COMPANY
Banasthali Marg, Jaipur-302001 (Rajasthan)
Phone : 0141-2376662, 2368874 Mobile : 9829068874
Email : info@agrawals.org.in

MERITOR®
Shaft Components
Complete Range

MACAS® AUTOMOTIVE
Tiger Zinda Hai....
Complete Range of Clutch System

GAJRA GEARS PVT. LTD.
GEARS & CROWNS

GNA
EYE
Axles, Crowns Crosses & Prop. Shaft Components

mahindra Sona
MSL
Clutch & Components

GCPA
Trusted Quality Clutches
An ISO 9001 : 2015 Certified Co.
Complete Range of Clutch System

Product For

LUK CLUTCH

EICHER
AFMM
CROWN WHEEL PINIONS AND GEAR PARTS

AMREP
REPCO
CLUTCH PARTS

BGL
ACE Crown Wheel Pinion
Jeep Crown Wheel Pinion
& All Size CWP

Miba
CLUTCH BUTTONS

XJB
CLUTCH COMPONENTS
CLUTCH FACING
(Spring Set of 21, 9,16, 50, 60 Liver Kits, 3 Liver)

AAYUB®
A BRAND FOR PERFECT FITMENT
FLYWHEEL ASSEMBLY
Complete Range of Original AAYUB Fly Wheel Assembly

Deals In
TATA Ace, 407
TATA 1108, 1109
2515 Ex, Jeep, NGT
Max Pickup

Specialist In
C. W. Pinions
Gears, Axles
Clutch Parts & Buttons

SHEEL AUTO PARTS
9, Gurunanak Auto Market, Kashmere Gate, Delhi-110 006
Phone : (Off.) 011-23936543, 41006500
Mobile : 9811666682, 9811401472, 8386394400
Email : sheelautoparts@gmail.com

A House of Trading Since 1965



MSL™

Rane
Steering & Suspension Parts

TVS
Water Pump & Disc Pads

Valeo
Clutch

LUK
CLUTCH

TATA
Indica & TATA Ace

sona
Driving Tomorrow

ceekay®
CLUTCH

GAJRA GEARS

Largest Customer Network In India

Authorised Distriburor/Dealer

Providing 1000+ Customers With Satisfactory Services

KANSAL AUTO TRADERS

123, Gurunanak Auto Market, Kashmere Gate, Delhi-110 006
+91-011-49402354 +91-9811031573, 9811031547 surendrajain@hotmail.com

परिवहन सम्पदा
40 वर्षों से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में देश की एक मात्र अग्रणी पत्रिका
जहां जाइयेगा, हमें पाइयेगा

Regd. Office :
FF-20, Priha Plaza, Opp Punjab National Bank,
Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan)
Phone: 0141-3511056
E-mail: info@parivahansampda.com
Web Site : www.parivahansampda.com
www.facebook.com\parivahansampda1981
@parivahansampda
parivahansampda

For Subscription Complain
Call or WhatsApp 8426044998

Editor
Avnish Jain
9414076426, 8209138320
avnish@parivahansampda.com
@avnishjain1971

Co-Editor
Shalu Jain
8426044999, 8005612683
shalu@parivahansampda.com

Makeup & Managed By
Shyam Saini
9799102032
shyam@parivahansampda.com

G. M. (Marketing)
Sanjay Gurnani
7568555805
sanjaygurnani76@gmail.com

Chartered Accountant & Auditors :
SHARMA GARG & CO.
502, 5th Floor, Pink Tower
Tonk Road, Jaipur-302 015
Phone : 0141 4012993, 4031194

Edited, Published and Owned by **Avnish Jain** and Printed at **Kanti Offset Printers** 448, Bakliwal Bhawan, Lalji Sand ka Rasta, Jaipur-302003 and Published at FF-20, Priha Plaza, Opp. Punjab National Bank, Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan) **Editor Avnish Jain**

Year : 42 | 15th July, 2022 (Fortnightly) | Issue : 07 | Page : 64

EDITOR CORNER

जानलेवा प्रदूषण

देशवासियों को स्वस्थ और लंबा जीवन देने की तमाम कोशिशों पर एक तरह से पानी फेरने का काम करती है हवा की खराब क्वालिटी। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टिट्यूट ने हाल ही में जो एयर क्वॉलिटी लाइफ इंडेक्स रिपोर्ट जारी की है, वह बताती है कि सिर्फ खराब हवा के कारण देशवासियों की आयु पांच साल कम हो जाती है। अगर राजधानी दिल्ली और एनसीआर की बात करें तो यहां तो वायु प्रदूषण लोगों की जिंदगी के दस साल छीन रहा है। हालांकि देखा जाए तो यह कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों की चर्चा हम लंबे समय से सुनते आ रहे हैं। प्रदूषण संबंधी हर राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट इस तथ्य को रेखांकित करती है कि दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर हद दर्जे तक बढ़ा हुआ है और यह कि देश के तमाम छोटे-बड़े शहरों में हवा विषैली होती जा रही है। इस रिपोर्ट में भी भारत को दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित देश बताया गया है तो दिल्ली को पहला सबसे प्रदूषित शहर। यह भी बताया गया है कि स्मोकिंग से जितना नुकसान नहीं होता है, उतना हवा की खराब क्वॉलिटी की वजह से हो रहा है।

देश में हर साल लाखों लोग वायु प्रदूषण से संबंधित कारणों से मौत का शिकार होते हैं। और जो हाल है हवा के प्रदूषण का, उसे देखते हुए उत्तर भारत में रहने वाले करीब 51 करोड़ लोग यानी देश की आबादी का करीब 40 फीसदी हिस्सा अपने जीवन के 7.6 साल इसकी भेंट चढ़ाने को मजबूर होंगे। वैसे रिपोर्ट की अच्छी बात यह है कि इसमें सिर्फ स्थिति की भयावहता के बारे में ही नहीं बताया गया है, इसे सुधारने के प्रयासों को भी संज्ञान में लिया गया है। इसमें सरकार के नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) का खास तौर पर जिक्र किया गया है, जिसका मकसद साल 2024 तक हवा में पर्टिक्युलेट मैटर के स्तर को 2017 के स्तर के मुकाबले 20 से 30 फीसदी नीचे लाना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इसे 25 फीसदी नीचे लाने में कामयाबी मिल गई तो जीवन प्रत्याशा में राष्ट्रीय स्तर पर 1.4 साल और दिल्ली में 2.6 साल तक इजाफा हो जाएगा। लेकिन यह तो इरादों की बात है। हकीकत अलग है। इसी साल जनवरी में आई एक रिपोर्ट यह बताती है कि एनसीएपी के बावजूद पिछले तीन वर्षों में दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर कम करने में कोई खास कामयाबी नहीं मिली है। पिछले दो दशकों में हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के पीछे आर्थिक विकास, औद्योगीकरण और ईंधन की खपत में बेहिसाब बढ़ोतरी जैसे कारक हैं। जाहिर है, इन पर काबू पाना आसान नहीं है, लेकिन वायु प्रदूषण की समस्या को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता। कोई ऐसी राह निकालनी ही होगी, जिससे न्यूनतम संभव नुकसान के साथ हवा को साफ कर लिया जाए।

Avnish Jain

Advertiser's index

Company Name	Page No.
A. P. Industries, Rajkot	33
Agarwal Metal Industries, Gwalior	26
Agrawal Trading Company, Jaipur	02
Agrawal Trading Company, Jaipur	12
Allied Gears India, Delhi	33
Ankit Auto Agency, Delhi	22
ANS Petro Private Limited, Kundli	52
ASM Castings Pvt. Ltd., Faridabad	55
Atul International, Ludhiana	23
Autopal MPG Marketing Pvt. Ltd., Jaipur	64
Bajrang Spring, Delhi	24
Balwant Motors, Delhi	44
Bawa Murayama Silicon Graphite, Jalandhar	18
Bemex Engineering Organisation, New Delhi	32
Bharti International, Veraval (Shapar)	20
Briddle Friction Products, Faridabad	32
British Motor Car Co. (1934) Ltd., Jaipur	20
British Motor Car Co. (1934) Ltd., Jaipur	24
British Motor Car Co. (1934) Ltd., Jaipur	41
British Motor Car Co. (1934) Ltd., Jaipur	45
BST Auto Pvt. Ltd., Jalandhar	08
D.D. Industries Limited, New Delhi	09
Devgun Auto Industries, Padampur	32
Dynamic Engineering Co. Pvt. Ltd., Wadhwancity	54
El-Chico Clutch Pvt. Ltd., Faridabad	03
Fitwell Auto Industry, Jalandhar	28
Gagan Engineers, Ludhiana	19
Ganganagar Motors, Jaipur	05
H.S. Auto Industries, Jalandhar	60
Harsh Auto Engineering, Hansi	35
Holani Spring (India) Private Limited, Jabalpur	62
Isha Electronics, Udaipur	58
Jagdish Automobiles, Delhi	04
Jei Bearings, Rajkot	60

Company Name	Page No.
Kansal Auto Traders, Delhi	14
Kohli Rubber Moulds (India), Delhi	31
Luthra Industrial Corporation, Agra	07
Macas Automotive, Faridabad	01
Marc Bearings Pvt. Ltd., Veraval (Shapar)	57
Milan Motor & Tractor Parts, Jaipur	06
Modi Sales, Jaipur	34
Motion Industries, Delhi	63
N. D. Auto Industries, Malerkotla	32
Narang Fluid Transmission Producs, New Delhi	45
National Manufacturing Co., Jalandhar	51
Pallavi Motors, Delhi	29
Precision Engineering Works, Ludhiana	28
Pyken Industries, Ghaziabad	11
R.V. Sales Corporation, Ghaziabad	56
RMP Bearings Limited, Ahmedabad	59
Robust Autocomp Private Limited, New Delhi	53
Rose Auto, Delhi	60
Royal Auto Industries (Regd.), Ludhiana	21
S.D. Auto Industries, Jalandhar	10
S.R. Industries, Jalandhar	60
Sharda Auto Industries Ltd., Nagpur	61
Sheel Auto Parts, Delhi	13
Somani Auto (P) Ltd., Raipur	47
Somani Auto (P) Ltd., Raipur	26
Suman Nuts (India), Ludhiana	25
Suri Spares (India), Delhi	27
Yaman Engitech Pvt. Ltd., Noida	47

OUR E-SERVICES



Filtered Data View (All India)
Firm Name, Address,
Contact Person with Photo,
Designation, Landline
Phone No., Mobile No.,
Email Address etc.

Categories wise Searching
Automotive Components, Accessories, Vehicle Body Parts, Rubber Parts, Chassis Parts, Auto Electrical Parts, Tools, Earthmovers, Bearings, Leaf Springs, Oil Seals, Gears, Valve Rings &.... many more

Area wise
Searching
Region wise, State wise, District wise & City wise Searching Filters

Channel wise Searching
Manufacturers,
Wholesalers, Retailers

जहां जाइयेगा, हमें पाइयेगा

Sign up & Login
E-Services
Just Free

For
more details
Contact
82309138320

Brand wise Searching
Tata, Leyland, NBC, FAG, SKF, BHARAT, GAJRA, MRF, CEAT & ....many more



Make & Models wise Searching
Tata, Leyland, Maruti, Mahindra & Mahindra, Tafe, Escort, New Generation Models & many more....Vehicles & Models

Dealing wise Search
HCV's, LCV's, Jeep, Tractor, MUV's, Earthmoving Machineries

Online Communication to
Company Information, New Product Launchings, Press Release & Many Other Release Circular & Information

We help your Business to Grow

यदि आप अपनी फर्म की पूर्ण जानकारी हमारे इस पोर्टल पर डलवाना चाहते हैं तो सीधे https://parivahansampda.com/inquiry पर डाल सकते हैं।

अन्दर के पृष्ठों पर.....

Market Update

BGL Cruize Clutch Spares	--
Ball & Tapper Roller Bearings	--
Cylinderical Roller Bearings	--
Chevrolet Tavera Spares	--
Earthmoving Machine Spares	40
Gajra Gears	36-37-38-39
GCPA Clutch SpareParts	--
LUK Clutch Spares Parts	49
Maruti Suzuki Swift Spares	41
Macas Spare Parts	46-47-48
Mahindra Pickup/Bolero Spares	--
Meritor Spares Parts	42
MSL Clutch & Components	--
Replacement Spare Parts (Tata)	--
Rane Suspension & Steering Parts	--
Sona Spares Parts	50
T.V.S. Girling Parts & Bolts	--
TVS Brake Lining Spare Parts	43
Tata ACE/Magic	--
Tata Indica Spare Parts	50
Tata Spare parts for All Model	44
Toyota Qualis Spare Parts	--
Tractor Spare Parts	--
Pistons, Valves, Usha, IPL, MPR	
Valeo Clutch Spare Parts	49

जानलेवा प्रदूषण पेज 15

शुगरी ड्रिंग पीने से मात्र **20 मिनट में शुगर बढ़ जाती है, हृदय रोग का खतरा 38% ज्यादा, रात में पीना खतरनाक** पेज 20

प्राकृतिक खूबसूरती का खजाना है **मानिला गांव** पेज 21

1 जून से महंगा हो गया **थर्ड–पार्टी इंश्योरेंस** पेज 22

10 वर्षों में Pure Petrol कारों को **फेज–आउट करेगी मारुति** पेज 24

कुल कार सेल्स में **एसयूवी का शेयर पहुंचा 41% तक** पेज 25

वोल्वो की पहली इलेक्ट्रिक कार **एक्ससी40 रिचार्ज का प्रदर्शन** पेज 26

बीएमडब्ल्यू ने 6 सीरीज का **नया वेरिएंट पेश किया, कीमत 72.9 लाख रुपये** पेज 26

हल्के वाणिज्यिक वाहन के **लाईसेंस धारक ड्राईवर को हल्का माल वाहन चलाने का अधिकार बीमा कम्पनी को क्षतिपूर्ति का आदेश** पेज 27

इंडिया में भी होने लगा **इलेक्ट्रिक ट्रक का ट्रायल** पेज 28

इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते समय **ध्यान रखें इन बदलावों को** पेज 35

रिकॉर्ड लेवल पर रही **लग्जरी कार सेल्स** पेज 29

100 कदम सफलता के पेज 30

टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना पेज 41

Sunroof के 'दीवाने' हुए **इंडियन कार बॉयर्स!** पेज 43

मारुति सुजुकी ने एसयूवी ब्रेजा का नया वेरिएंट पेश किया कीमत 7.99 लाख रुपये से शुरू पेज 45

उच्चस्तरीय प्रदर्शन और उच्च-विश्वसनीयता का वायदा

आपके विश्वास का प्रतीक BM SINCE 1948

पेश है टाटा, अशोक लेलैंड, आइशर वोल्वो की व्यापारिक गाड़ियों के लिए बढ़िया श्रेणी के सर्वोत्तम हैंगर और झूले।

MANUFACTURED BY:
BAWA MURAYAMA SILICON GRAPHITE CASTING COMPANY • For Instant Service Please Contact Vijay Kumar # 9805 721 735 Prachi # 9876 237 871
18, Gobind Plaza Complex, Nakodar Road, Jalandhar-144001 INDIA | Email: bawamurayama@in.com

An ISO Certified Co.

Gagan
ENGINEERS

Manufacturers of : All Types of High Class Centre Bolt
U-Bolt, Wheel Spanner & Nuts for Exports & Domestic Market



Gagan ENGINEERS

Guru Nanak Street No.7, Shimlapuri, Gill Road, Ludhiana-141003 (Pb.)
Phone : +91-161-5058344 Fax : 2490344 E-mail : gagan04@hotmail.com
Contact Person : Gagan Gupta (Mobile) +91-98148-11199

S3 BEARINGS
Distributor/Stockist:
SWASTIK AUTOMOBILES
Tijara Road, Near Manorma Cinema
BHIWADI - 301019 (Raj.)
Ph.: 01493-222679 (Mob.): 09414013050

हृदय रोग, मोटापे और डायबिटीज का खतरा सबसे ज्यादा

लिक्विड शुगर

शुगरी ड्रिंक पीने से मात्र 20 मिनट में शुगर बढ़ जाती है, हृदय रोग का खतरा 38 प्रतिशत ज्यादा, रात में पीना खतरनाक

इंसानी पाचन तंत्र लिक्विड कैलोरी के लिए बना ही नहीं है। सोडा, स्पोर्ट ड्रिंक्स, जूस और दूसरे मीठे पेय पदार्थ पीने से भूख नहीं मिटती। वहीं इन शुगरी ड्रिंक के साथ यदि व्यक्ति की सिटिंग लंबी है तो उसे लाइफ स्टाइल से संबंधित बीमारियों जैसे कि डायबिटीज, हाइपर टेंशन, किडनी से संबंधित रोग का खतरा बढ़ता है। ब्रिटिश फार्मासिस्ट नीरज नाइक द्वारा किए गए एक शोध में पता चला कि कोक के 350 एमएल के एक केन में लगभग 37 ग्राम कंसंट्रेट शुगर यानी लगभग 10 चम्मच के बराबर चीनी होती है। यही नहीं मात्र एक केन कोक पीने भर से 20 मिनट में व्यक्ति की शुगर का स्तर बढ़ जाता है। कोक जैसे सभी सॉफ्ट ड्रिंक में पाया जाने वाला कैफीन 40 मिनट में शरीर में अवशोषित हो जाता है। इससे डोपामाइन हार्मोन बढ़ता है, जिससे इसे और पीने की इच्छा जागती है। परीक्षण में यह बात सामने आई कि सॉफ्ट ड्रिंक भी व्यक्ति को नशे की तरह एडिक्ट बनाते हैं।

लिक्विड शुगर से जुड़ा सब कुछ जो आपको जानना चाहिए

क्या है लिक्विड शुगर ?

पेय के रूप में मिलने वाले लगभग सभी मीठे पदार्थ लिक्विड शुगर है

सोडा, कोल्ड ड्रिंग, चाय से लेकर चीनी से तैयार होने वाले लगभग सही तरह के शेक, फ्रूट पंच आदि सभी लिक्विड शुगर ही हैं। बिना चीनी के फ्रूट जूस भी लिक्विड शुगर हैं। इनमें शुगर कॉन्संट्रेटेड फार्म में होती है जिससे शरीर का कैलोरी इंटेक बढ़ता है यह कई तरह की समस्याओं का कारण बनता है।

शुगर का सेहत पर क्या असर ?

मोटापा, डायबिटीज का खतरा सबसे ज्यादा

लिक्विड शुगर वजन को नियंत्रित करने वाले हार्मोन लेप्टिन को प्रभावित करता है, जिससे कुछ समय में व्यक्ति को अधिक कैलोरी खाने का अहसास होना बंद हो जाता है। इससे मोटापा बढ़ता है। शोध के अनुसार अधिक शुगर लेने वाले व्यक्ति में हृदय संबंधी रोग का खतरा 38% अधिक होता है।

शुगरी ड्रिंक में कितनी शुगर ?

350 एमएल के एक केन में 10-13 चम्मच चीनी

ब्रिटश शोध के अनुसार एक सामान्य आकार के सॉफ्ट ड्रिंक के केन में लगभग 10 से 13 चम्मच तक चीनी होती है। इस चीनी से शरीर में बढ़ी कैलोरी की मात्रा से ओबेसिटी हाइपोवेंटिलेशन सिंड्रोम (ओएसएच) का खतरा बढ़ता है। इससे व्यक्ति में मोटापा का खतरा तेजी से बढ़ता है।

रात में कितना नुकसानदायक ?

कैफीन होता है, नींद संबंधी बीमारियां बढ़ती है

स्लीप फाउंडेशन के अनुसार 96 प्रतिशत सॉफ्ट ड्रिंक में कैफीन बढ़ी मात्रा में होता है। कैफीन अलर्टनेस बढ़ाता है। ऐसे में रात के समय सॉफ्ट ड्रिंक जैसे कि कोक, सोडा आदि पीने से अनिन्द्रा की शिकायत बढ़ती है। वहीं अन्य शुगरी ड्रिंग रात में पीने से शारीरिक गतिविधि सीमित होने के कारण शुगर का खतरा बढ़ता है।

Now You Can Pay
Advertisement / Subscription
Bills Payment Quick & Easy
SCAN & PAY
with any BHIM UPI APP
UPI ID : merchant213298.augp@aubank
Merchant Name : PARIVAHAN SAMPADA
BHIM UPI
for more detail please call us:
9414076426

FXL No. 1
Rolling Bearings & Cool
The REVOLUTION TECHNOLOGY
TOTAL SERVICE
Customer Care : 096620 55055
Divisional Distributor
G. S. MOTORS
Kota (Raj.) Mob. : 9252036400

प्राकृतिक खूबसूरती का खजाना है मानिला गांव



कई लोगों को किसी प्रसिद्ध भीड़भाड़ वाली जगह पर जाने की अपेक्षा दूरदराज स्थित शांत और सुरम्य स्थान ज्यादा पसंद है। ऐसी जगहों की खास बात यहां का प्राकृतिक वातावरण, जैव विविधता, पारम्परिकता और संस्कृति होती है। मानिला ऐसी ही जगहों में से एक जगह है। मानिला वैसे तो उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित एक छोटा सा गांव है, पर खूबसूरत इतना है कि इस जगह पर हर कोई आना चाहता है और पूरा गांव दूर-दूर से आए सैलानियों से भरा रहता है। दिल्ली से मानिला का पूरा रास्ता घने जंगलों से होकर गुजरता है, चारों तरफ हिमालय की ऊंची-ऊंची चोटियां दिखाई देती है।

इस जगह पर पहुंचने के बाद लगता है कि हिमालय शृंखला की त्रिशुल से पंचचुल्ली तक की सभी चोटियां मानों कि स्वागत में खड़ी हों। यह गांव हिमालय का एक बहुत ही मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। इस जगह में नंदा देवी की चोटियां बिल्कुल स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। मानिला को वैसे तो मानिला देवी मंदिर के कारण जाना जाता है, पर अभी इस जगह पर सैलानियों के पहुंचने का सबसे बड़ा कारण यहां का मौसम और प्राकृतिक वातावरण है।

समुद्र तल से लगभग दो हजार की ऊंचाई पर स्थिति होने के नाते यह जगह हिल स्टेशन सा अनुभव कराती है। मानिला में सूर्योदय और सूर्यास्त को देखना भी काफी रोमांचक होता है। हिमालय की इस श्रृंखला से सूर्योदय और सूर्यास्त को देखने की जो अनुभूति है, वह कभी नहीं भूलने वाली होती है। ऐसा लगता है कि सूर्य की सुनहरी चमक हमारे भीतर कहीं उतर आयी है और मन प्रफुल्लता से भर उठाता है। मानिला एक छोटा गांव है, जहां आप प्राकृति के शांत वातावरण में अपने प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। गांव घूम सकते हैं और ग्रामीणों के साथ बातचीत करके स्थानीय संस्कृति के बारे में भी काफी कुछ जान सकते हैं। गांव के आस-पास कई मंदिर हैं, जहां आप जा सकते हैं।

मानिला में देवदार और चीड़ के पेड़ बहुतायत संख्या में है और पूरी की पूरी घाटी बुरांश के फूलों से किसी दुल्हन की तरह लाल जोड़े में सजी नजर आती है। इस वजह से यहां का प्राकृतिक सौंदर्य और भी निखर जाता है। इस जगह पर सेब, नाशपाती, अखरोट, संतरा, माल्टा, खुबानी की भी अच्छी पैदावार होती है। कहीं-कहीं पर आम, पपीते और केले के पेड़ भी दिख जाते हैं।

भिकियासैंण का पैदल मार्ग मनिला से महज 13 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां पहुंचकर अप संगम देख सकते हैं। यह एक सुंदर गांव होने के साथ-साथ कुमाऊं के इतिहास का गवाह भी है। ऐतिहासिक और धार्मिक से भी मानिला क्षेत्र का बहुत महत्त्व है। ऐसा बताया जाता है कि यह कभी कत्यूरी राजाओं का गढ़ था। इस जगह पर मां मानिला देवी के दो मंदिर है। एक का नाम मल्ला मानिला मंदिर है, दूसरे का तल्ला मानिला मंदिर। कुमाउनी भाषा में मल्ला का अर्थ ऊपर होता है और तल्ला का नीचे।

MOTOR/CYLE
INSURANCE

1 जून से महंगा हो गया थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस

व्हीकल मालिकों को अब एक जून से थर्ड पार्टी व्हीकल इंश्योरेंस के लिए अधिक रकम देनी होगी। हालांकि, शैक्षणिक संस्थानों की बसों, विंटेज यानी पुरानी कारों, इलेक्ट्रिक व्हीकल और हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को प्रीमियम में छूट दी गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मुताबिक इंश्योरेंस प्रीमियम संबंधी ये नये नियम एक जून से प्रभावी होंगे। नये नियमों में विंटेज कार के थर्ड पार्टी इंश्योरेंस प्रीमियम में 50 फीसदी, शैक्षणिक संस्थानों की बसों के प्रीमियम में 15 प्रतिशत, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के प्रीमियम में 15 प्रतिशत और हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के प्रीमियम में साढ़े सात प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

थर्ड पार्टी इंश्योरेंस प्रीमियम के रूप में तीन साल से पुरानी 1,000 सीसी तक की नीजी कार के लिए 2094 रुपये, 1000 सीसी से 1500 सीसी तक की कार के लिए 3416 रुपये तथा 1500 सीसी से अधिक की कार के लिए 7897 रुपये का भुगतान करना होगा। थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के तीन वर्ष के सिंगल प्रीमियम के रूप में 1,000 सीसी तक की नई निजी कार के मालिक को 6521 रुपये 1000 सीसी से 1500 सीसी तक की कार के लिए 10640 रुपये और 1500 सीसी से अधिक की कार के लिए 24596 रुपये देने होंगे। इसी तरह पांच साल से पुराने टू-व्हीलर अगर 75 सीसी तक के हों, तो व्हीकल मालिक को थर्ड पार्टी इंश्योरेंस प्रीमियम के रूप में 538 रुपये, 75 से 150 सीसी तक के व्हीकल के लिए 714 रुपये, 150 से 300 सीसी तक के व्हीकल के लिए 1366 रुपये तथा 350 सीसी के अधिक क्षमता के दोपहिया व्हीकल के लिए 2804 रुपये चुकाने होंगे। नये टू-व्हीलर के लिए पांच साल के सिंगल प्रीमियम की नई दर 75 सीसी के लिए 2901 रुपये, 75 से 150 सीसी तक के लिए 3851 रुपये, 150 सीसी से 350 सीसी तक 7356 रुपये और 350 सीसी से अधिक क्षमता वाले टू-व्हीलर के लिए 15,117 रुपये हैं।

गुड्स ट्रांसपोर्ट से संबंधित कॉमर्शियल व्हीकल्स की श्रेणी में 7,500 किलोग्राम तक 16049 रुपये और 40,000 किलोग्राम से अधिक के लिए 44242 रुपये थर्ड पार्टी प्रीमियम के रूप में देने होंगे। व्हीकल इंश्योरेंस के दो भाग होते हैं। पहला है खुद की क्षति यानी क्षति और चोरी की स्थिति में व्हीकल का इंश्योरेंस तथा दूसरा है-थर्ड पार्टी देयता यानी थर्ड पार्टी के प्रति देनदारी।

थर्ड पार्टी इंश्योरेंस कवर मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत आवश्यक है जबकि व्हीकल की क्षति के लिए इंश्योरेंस कवर जरूरी नहीं है। प्रीमियम की राशि खर्च, दावे और लाभ को देखकर तय की जाती है। केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस प्रीमियम में यह बढ़ोतरी करने का निर्णय ऐसे समय में लिया है, जब नॉन-लाइफ इंश्योरेंस निगम कंपनियां प्रीमियम के रूप में प्राप्त करोड़ों रुपये के ढेर पर बैठी हैं, जबकि वे दावों के मद में बहुत ही कम भुगतान कर रही है। इंश्योरेंस कंपनियां बार-बार ये दावे करती रही हैं कि उन्हें अपने मोटर इश्योरेंस पोर्टफोलियों के कारण बहुत हानि उठानी पड़ रही है लेकिन इंश्योरेंस इंफार्मेशन ब्यूरों ऑफ इंडिया और जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के आंकड़े कुछ और ही तस्वरी दिखाते हैं। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल द्वारा प्रकाशित नॉन-लाइफ इंश्योरेंस उद्योग के ईयर बुक 2020-2021 के मुताबिक, इश्योरेंस कंपनियों को व्हीकल इंश्योरेंस के प्रीमियम के रूप में 67,389 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इंश्योरेंस कंपनियां प्रीमियम राशि को निवेश करके उस पर भी लाभ अर्जित करती है। साल 2020-21 के दौरान दावों के मद में 28,726 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इसमें से 17,834 करोड़ रुपये व्हीकल क्षति के दावे के रूप में और 10,892 करोड़ रुपये थर्ड पार्टी देनदारी के रूप में दिये गये। इस अवधि में थर्ड पार्टी के कुल 2,57,165 दावों में निपटान किया गया और प्रति क्लेम औसतन 4,23,541 रुपये का भुगतान किया गया। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल की 2019-20 के दौरान प्रकाशित ि रपोर्ट में बताया गया था कि व्हीकल प्रीमियम के रूप में इंश्योरेंस कंपनियों ने 68,951 करोड़ रुपये प्राप्त किये और दावों के निपटान में 38,071 करोड़ रुपये दिये। इस अवधि में थर्ड पार्टी के निपटान किये गये दावों की संख्या 4,03,283 थी और प्रति क्लेम औसतन 4,34,409 रुपये का भुगतान किया गया।

ANK®
U. J. CROSS
Specialist In
All Kind of U.J.Cross Kits
Prop. Shaft Components
Steering Cross Assy.
Wheel Spanners
Since : 1987
ANKIT AUTO AGENCY
197, Prem Gali, Punja Sharif, Kashmere Gate, Delhi-110 006
Phone: (O) 011-45784542 Cell : 09999257596
Customer Care : # 9810163039
Email : ankcross@yahoo.co.in
Works: Sector-5, D.S.I.D.C. Industrial Area, Bawana, Delhi-110 039

KHS SPARES

Atul International

Suppliers of: Auto & Tractor Spare Parts

Heavy & Light Commercial Vehicle Spares, Jeep Spare Parts, Tractor & Tiller Parts

OUR PRODUCTS

KHS SPARES

Atul International

(Suppliers of: Auto & Tractor Spare Parts)

Nirankari Street No.6, Miller Ganj, G.T. Road. Ludhiana-3.
Off.: 0167-2537233, 4637233 Cell : 094170-39233
E-Mail : info@atulinter.com, ksinter44@gmail.com
Website : www. atulinter.com

10 वर्ष मे Pure Petrol कारों को फेज-आउट करेगी मारुति

ग्रीन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देते हुए मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने मॉडलों में मजबूत हाइब्रिड टेक्नोलॉजी को अपनाने की योजना बनाई है। कम्पनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस लक्ष्य को अगले 5-7 वर्षों में हासिल किया जाएगा। प्रमुख व्हीकल कम्पनी का लक्ष्य अपने प्रत्येक मॉडल में पर्यावरण के अनुकूल टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देना है, ताकि बेहतर फ्यूल एफिशियंसी और कम कार्बन एमीशन को हासिल किया जा सके। कम्पनी इलेक्ट्रिक व्हीकल, सीएनजी कारों और एथनॉल तथा बायो-सीएनजी के अनुकूल इंजन पर अधिक ध्यान केंद्रित करने को प्राथमिकता देगी।

एमएसआई के मुख्य तकनीकी अधिकारी सी वी रमन ने कहा, ''अगले पांच से सात वर्षों में हर मॉडल में (ग्रीन टेक्नोलॉजी का) कोई न कोई तत्व होगा। पूरी श्रृंखला में कोई शुद्ध पेट्रोल पावरट्रेन नहीं होगा।'' उन्होंने कहा कि कम्पनी आने वाले वक्त में कई मॉडलों के लिए मजबूत हाइब्रिड तकनीक की तलाश कर रही है। रमन से जब पूछा गया कि क्या सभी मॉडलों में मजबूत सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड पावरट्रेन होंगे, तो उन्होंने कहा, ''हम निश्चित रूप से उस विकल्प पर गौर करेंगे।'' उन्होंने कहा कि कम्पनी जब कोई तकनीक लाती है, तो उसे अधिक से अधिक मॉडलों में लागू करने की कोशिश की जाती है। कम्पनी की आगामी मध्यम आकार की एसयूवी में दमदार हाइब्रिड सिस्टम होगा। एमएसआई इस महीने के अंत में इस मॉडल से पर्दा उठाने वाली है।

हाइब्रिड कारें गैसोलीन इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर्स के फायदों को जोड़ती हैं। एक हल्की हाइब्रिड प्रणाली केवल मामूली फायदे देती है, जबकि मजबूत हाइब्रिड प्रणाली, (जिसमें बड़ी बैटरी और संबंधित एग्रीगेट शामिल है), से ईंधन दक्षता में काफी बढ़ोतरी होती है और कार्बन उत्सर्जन कम हो जाता है।

रमन ने कहा कि इस समय देश में पर्याप्त चार्जिंग अवसंरचना के अभाव में, शुद्ध रूप से बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की ओर बदलाव के चरण में हाइब्रिड टेक्नोलॉजी सबसे सही है। यह पूछने पर कि क्या हाइब्रिड व्हीकल्स को भी बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) की तरह कर लाभ मिलना चाहिए, रमन ने कहा, ''इसे (हाइब्रिड प्रौद्योगिकी) इसका बकाया हक (कराधान के संदर्भ में) मिलना चाहिए।'' देश में हाइब्रिड व्हीकल्स पर कुल कर 43 प्रतिशत है, जबकि बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर लगभग पांच प्रतिशत कर लगता है।

S3 SOLID SUPER SMOOTH BEARINGS
Distributor/Stockist:
SANJAY MOTORS
17-E, Pratap Nagar, By Pass Road
Udaipur (Raj.) Phone : 0294-2492843
Mobile : 09351365168

Manufacturer of All Kinds of Steel Wire Springs

Specialist in TATA 1210, SE 1510, 1612, TC, EX 709, 407, 608, 1109
Turbo & Leyland All Models
BAJRANG SPRING
197/4, Prem Gali, Punja Shariff, Kashmere Gate, Delhi-110 006 E-mail : bajrangspring01@gmail.com
Contact : Mr. K. K. Gupta # 09891368821 Mr. Madhur Gupta # 09958890903

डिसक्लेमर

परिवहन सम्पदा में प्रकाशित हर प्रकार के कंटेंट के जरिए पाठकों को कारोबारी जगत में हो रहे घटनाक्रम की जानकारी, विश्लेषण, सूचनाएं आदि देने का प्रयास रहता है। इनमें से कई बार ऐसे कंटेंट का प्रकाशन भी हो सकता है जो परिवहन सम्पदा के पास उपलब्ध जानकारियों से मेल नहीं खाता हो व अलग हो। इसलिए परिवहन सम्पदा में प्रकाशित कंटेंट के आधार पर अगर कोई कैसा भी निर्णय करता है तो उसकी जिम्मेदारी परिवहन सम्पदा नहीं लेता है। पाठक स्वयं अपने विवेक से ही निर्णय करें ऐसी अपेक्षा की जाती है। परिवहन सम्पदा में जिन विज्ञापनों का प्रकाशन किया जाता है उनके बारे में यह स्पष्ट किया जाता है कि परिवहन सम्पदा का किसी भी विज्ञापनदाता से विज्ञापन के अलावा अन्य कोई सारोकार नहीं है और न ही विज्ञापनों में दर्शाई सामग्री का कोई समर्थन परिवहन सम्पदा पत्रिका द्वारा किया जाता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण व दावे के लिए विज्ञापनदाता ही जिम्मेदार होगा। परिवहन सम्पदा में प्रकाशित कंटेंट लेखकों, न्यूज एजेंसी व संपादकीय विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं जिनपर पूरी तरह से परिवहन सम्पदा का सर्वाधिकार है। परिवहन सम्पदा में प्रकाशित किसी भी तरह के कंटेंट का किसी भी व्यक्ति, संस्थान या अन्य द्वारा बिना परिवहन सम्पदा की लिखित अनुमति के प्रकाशन व प्रसारण किया जाना गैर-कानूनी होगा।

जनवरी-मई 2022

कुल कार सेल्स में एसयूवी का शेयर पहुंचा 41% तक

पिछले कुछ समय से इंडिया में कार बॉयर्स के लिए एसयूवी मॉडल्स सबसे पसंदीदा ऑप्शन बने हुए हैं व चालू कलैंडर वर्ष में भी इस ट्रेंड में मजबूती बनी हुई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जनवर-मई 2022 के 5 महिनों में प्रत्येक 5 में से 2 कार-बॉयर्स ने एसयूवी खरीदी है।

इंडियन कार मार्केट में कलैंडर ईयर 2015 में कुल कार सेल्स में करीब 50% कंट्रीब्यूशन हैचबैक मॉडल का था, जबकि एसयूवी मॉडल्स का शेयर मात्र 13.5% था। हालांकि जनवरी-मई 2022 में कुल बिकी कारों में से 41% एसयूवी रही।

तेजी से बढ़ते एसयूवी सेगमेंट के कारण कार कंपनियां भी मार्केट में फीचर-रिच एंट्री लेवल एसयूवी मॉडल्स उतार रही हैं। एंट्री लेवल एसयूवी सेगमेंट वर्तमान में 21% शेयर के साथ एसयूवी केटेगरी में सबसे बड़ा सेगमेंट बना हुआ है।

2021 में इंडिया में कुल 6.38 लाख एंट्री लेवल एसयूवी जबकि 3.65 लाख प्रीमियम हैचबैक मॉडल्स की सेल्स दर्ज की गई थी। एंट्री लेवल एसयूवी सेगमेंट में मारुति सुजुकी द्वारा नई ब्रेजा व हुंडई द्वारा नई वेन्यू उतारे जाने से कंपिटिशन और बढ़ने की संभावना है। 2020 व 2021 में एसयूवी सेगमेंट में सबसे मजबूत पॉजीशन रखने वाली हुंडई का मानना है कि आगे चलकर भी वह इस सेगमेंट में लीडरशिप पॉजीशन बनाए रखेगी। कम्पनी की प्रमुख एंट्री लेवल एसयूवी वेन्यू के पुराने वेरिएंट के लिए भी हुंडई के पास वर्तमान में 20,000-25000 युनिट्स के पेंटिंग ऑर्डर हैं।

उल्लेखनीय है कि 2021 में हुंडई की कुल सेल्स में एसयूवी का शेयर 42% था। फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में हुंडई ने इंडिया में करीब 2.5 लाख एसयूवी बेची हैं व इस सेगमेंट में कम्पनी 22% के मार्केट शेयर के साथ लीडरशिप पॉजीशन पर रही। हालांकि पिछले कुछ महिनों से हुंडई व टाटा मोटर्स की एसयूवी सेल्स लगभग बराबर नही हुई है। टाटा मोटर्स ने 2021-22 में 2.05 लाख एसयूवी बेची हैं व इस सेगमेंट में कम्पनी का मार्केट शेयर 18% रहा। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा का इस सेगमेंट में शेयर 14% जबकि मारुति सुजुकी का शेयर करीब 12% रहा।

TATA
Somani Enterprises
Retailer TATA MOTORS Parts for Delhi
2803, Guru Nanak Auto Market, Kashmere Gate, Delhi-110 006, Ph.: 23974715, 23943477, 64532987

वोल्वो की पहली इलेक्ट्रिक कार एक्ससी 40 रिचार्ज का प्रदर्शन

जुलाई से बुकिंग और अक्टूबर से होगी डिलीवरी

वॉल्वो कार इंडिया ने जयपुर स्थित राजस्थान वॉल्वो डीलरशिप पर अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार एक्ससी 40 रिचार्ज का प्रदर्शन किया। यह सुरक्षित और लग्जरी वोल्वो कार की पेशकश का हिस्सा है। इसकी बुकिंग जुलाई और डिलीवरी अक्टूबर से शुरू होगी। इस मॉडल के साथ वॉल्वो ने ग्राहकों को इंफोटेनमेंट, बिल्ट-इन गूगल एप के साथ असिस्टेंट, गूगल मैप्स जैसी उन्नत तकनीक प्रदान की है। 1 से 3 जुलाई तक नई कार की टेस्ट ड्राइव ली जा सकती है। कम्पनी के मार्केटिंग प्रमुख अमित जैन ने कहा कि

एक बार चार्ज करने के बाद यह कार 418 किलोमीटर तक चल सकती है। राजस्थान वोल्वो के निदेशक साई गिरिधर ने कहा कि वॉल्वो एक्ससी40 रिचार्ज ग्राहकों को लग्जरी और सुरक्षा का पूरा पैकेज मुहैया कराएगा। यह केवल 4.9 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। फास्ट चार्जर का उपयोग कर 33 मिनट में इसकी बैटरी को 10 से 80 फीसदी तक रिचार्ज किया जा सकता है। कम्पनी हर साल भारत में एक इलेक्ट्रिक व्हीकल लाने की योजना बना रही है। कम्पनी की 2030 से केवल इलेक्ट्रिक कार बेचने की योजना है।

Manufactures & Supplier of
Tata & Leyland Brake Drums & Other Automobile Parts
Also Mfg. of
Agriculture Tractor Trolly Hubs 13x16
Guttoo, 12x14 12x15 etc. (CI & Steel)
ASCO HUBS & DRUMS An ISO 9001 : 2008
Any Enquiry send Email
ascohubsdrums23@gmail.com
AGARWAL METAL INDUSTRIES
23, A & B, Industrial Estate, Hazira, Gwalior-474 004 (M.P.)
Ph.: 0751-2330790, 9407211843 Mobile : 98262-38351, 9301107837

बीएमडब्ल्यू ने 6 सीरीज का नया वेरिएंट पेश किया, कीमत 72.9 लाख रुपये

जर्मनी की लक्जरी वाहन कम्पनी बीएमडब्ल्यू ने 6 सीरीज का नया वेरिएंट '50 Jahre M Edition' पेश किया है। दिल्ली में इसकी एक्स शोरूम कीमत 72.9 लाख रुपये है।

वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि इस सीमित वेरिएंट को बीएमडब्ल्यू एम जीएमबीएच की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर पेश किया गया है।

बीएमडब्ल्यू एम जीएमबीएच दरअसल उच्च प्रदर्शन वाले वाहनों विनिर्माण के लिए बीएमडब्ल्यू एजी की अनुषंगी कम्पनी है। कम्पनी के अनुसार, चेन्नई के संयंत्र में सीमित संख्या में तैयार, 'बीएमडब्ल्यू 630 आई एम स्पोर्ट' कार पेट्रोल वेरिएंट में आएगी।

बीएमडब्ल्यू ने कहा कि इस वेरिएंट को कम्पनी के पोर्टल के जरिये ऑनलाइन माध्यम से बुक किया जा सकता है।

बीएमडब्ल्यू इंडिया ने हाल ही में अपने एम सब-ब्रांड का जश्न मनाने के लिए '50 जहरे एम वेरिएंट' की 10 इकाइयां पेश करने की घोषणा की थी।

हल्के वाणिज्यिक वाहन के लाईसेंस धारक ड्राईवर को हल्का माल वाहन चलाने का अधिकार, बीमा कम्पनी को क्षतिपूर्ति का आदेश

मोटर वाहन कानून 1988

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय अग्रवाल के समक्ष मोटर वाहन कानून 1988 की धारा 173 तथा 147 के अंतर्गत एक याचिका ट्रिब्यूनल के आदेश के विरुद्ध गीता झा व अन्य बनाम संतोष कुमार साहू व अन्य संबंधित प्रकरण में विचारार्थ प्रस्तुत की गई। यह प्रकरण एक 37 वर्षीय युवक की दुर्घटना में मृत्यु के संबंध में है, जो एक जीवन बीमा एजेंट के रूप में कार्यरत था। ट्रिब्यूनल के द्वारा 39200 रुपए की क्षतिपूर्ति का आदेश दिया गया। इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई, जिसमें ट्रिब्यूनल ने 6000 रुपए प्रतिमाह का आंकलन किया था। ड्राईवर उचित लाईसेंस के साथ वाहन का परिचालन कर रहा था। अत: बीमा कम्पनी को क्षतिपूर्ति का उत्तरदायी ठहराया था।

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण यह है कि 6 अक्टूबर 2011 को रात्रि 8.45 बजे गुलशन झा बाचेली जगदलपुर से लौट रहा था, उसके साथ उसका मित्र शंभू नाथ मोर्य था व दोनों सेंट्रो कार से आ रहे थे। इस कार को लापरवाही से परिचालन करने वाले टाटा ट्रक 709 ने टक्कर मार दी, जो एक हल्का, वाणिज्यिक वाहन है। इस ट्रक का परिचालन संतोष कुमार साहू कर रहा था। ट्रक का मालिक तुलसी राम यादव है तथा प्रतिवादी संख्या तीन युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी के पास यह वाहन बीमित था। पिटिशन में दावा किया गया कि मृतक की आय 10000 रुपए प्रतिमाह थी तथा 8060000 रुपए की क्षतिपूर्ति का दावा किया गया। ड्राईवर व ट्रक मालिक सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं हुए तथा उन्हें अनुपस्थिति मानकर एकतरफा आदेश बीमा कम्पनी को सुनने के पश्चात सुनाया गया।

बीमा कम्पनी ने यह दावा किया कि वाहन के ड्राईवर के पास उचित वैद्य लाईसेंस नहीं था जबकि ड्राईवर के पास लाईसेंस था, लेकिन यह लाईसेंस हल्के वाणिज्यिक वाहन का था, लेकिन वाहन हल्का मालवाहन था।

ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा कि ड्राईवर के पास उचित लाईसेंस नहीं था। अत: बीमा कम्पनी की उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है तथा मृतक की 3000 रुपए प्रतिमाह आय का आंकलन करके कुल 392000 रुपए की क्षतिपूर्ति का आदेश दिया गया। इस आदेश के विरुद्ध अपीलेंट न उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की तथा कहा कि बीमा कम्पनी को दायित्व मुक्त करना कानून सम्मत नहीं है। केवल वाणिज्यिक वाहन व मालवाहन के अंतर के आधार पर क्षतिपूर्ति के दायित्व से बीमा कम्पनी को मुक्त नहीं किया जा सकता है। ट्रिब्यूनल ने मृतक की 3000 रुपए प्रतिमाह आय का आंकलन भी गलत किया है।

बीमा कम्पनी के अधिवक्ता ने कहा कि ड्राइवर के पास मालवाहन का लाईसेंस नहीं था। ऐसे हालात में ट्रिब्यूनल का आदेश उचित है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात कहा कि पिटिशनर यह सिद्ध नहीं कर पाया है कि

(शेष पृष्ठ 28 पर)

DAUS™ FORGE
styr™ Crank & All. Ind.
JAS-ANZ ACC No. M31112041N
An ISO 9001:2008 Certified Company
→ Crank Shaft
→ Connecting Rod
→ Cam Shaft
Crank Shaft Range for Automobile Tractor & Compressor
- Perkins/Massey Ferguson
- Mahindra & Mahindra
- Eicher Tractor
- New Holland
- Powertrac
- Farmtrac
- Sonalika
- Kirloskar
- Escorts
- Swaraj
- Ford
- HMT
- Maruti Suzuki
- Eicher Canter
- Swaraj Mazda
- Shaktiman
- Leyland
- Toyota
- Tata
- Atlas Capco
- K.G. Khosla
- Rustan
- Hino

SURI SPARES (INDIA)
Specialist in : Crank Shaft
3/2778, Rajasthan Motor Market, Hamilton Road
Mori Gate, Delhi-110006
Mobile: +91-9811079459, 8076348239
E-mail: surispares@gmail.com

इंडिया में भी होने लगा इलेक्ट्रिक ट्रक का ट्रायल

इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली हैदराबाद की ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने अब बिजली से चलने वाले ट्रक खंड के उत्पादन में कदम रखा है। इसके तहत कम्पनी ने भारी वाहन क्षमता वाले इलेक्ट्रिक डंपर ट्रक का परीक्षण शुरू किया है। कम्पनी ने जारी एक बयान में कहा, इलेक्ट्रिक बस विनिर्माण में अगुवा मानी जाने वाली ओलेक्ट्रा ने अब ट्रक निर्माण में कदम रखा है। इसे प्रोटोटाइप हेवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक डंपर ट्रक मंच पर बनाया गया है। ओलेक्ट्रा डंपर ट्रक 6X4 क्षमता से लैस है और एक बार चार्ज करने पर यह 220 किलोमीटर की दूरी तक जा सकता है। यह डंपर ट्रक 25 प्रतिशत से अधिक की चढ़ाई भी चढ़ने की क्षमता रखत है। यह ट्रक सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। कम्पनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक केवी प्रदीप ने इस मौके पर कहा, भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन में अग्रणी होने के नाते ओलेक्ट्रा ने डंपर ट्रक का परीक्षण भी शुरू किया है। भारत में अपनी तरह का यह पहला ट्रक है। उन्होंने कहा, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक ट्रक का आना काफी फायदेमंद साबित होगा। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्टक्चर लिमिटेड की इकाई ओलेक्ट्रा ने 2015 में इलेक्ट्रिक बसों को भारतीय बाजार में उतारा था। यह देश में बिजली पारेषण और वितरण नेटवर्क के लिए सिलिकॉन रबर/कम्पोजिट इंसुलेटर की सबसे बड़ी विनिर्माता भी है।

हल्के वाणिज्यिक वाहन .....

(पृष्ठ 27 का शेष)

उसकी आय 10000 रुपए प्रतिमाह है। अत: न्यायालय ने अपने आदेश में 6000 रुपए प्रतिमाह आय के आधार पर क्षतिपूर्ति के आंकलन का निर्णय लिया है। इसमें से एक तिहाई राशि को स्वयं के खर्च के संदर्भ में घटाए जाने पर शेष आय 4000 रूप में बचती है तथा 40 प्रतिशत राशि भावी संभावनाओं के संदर्भ में जोड़े जाने के पश्चात आय 5600 रुपए प्रतिमाह हो जाती है। मृतक की आयु 37 वर्ष होने के कारण न्यायालय ने 15 के मल्टी प्लायर के आधार पर 67200 रुपए प्रतिवर्ष आय के आंकलन के आधार पर कुल 1008000 रुपए की क्षतिपूर्ति का आदेश पारित किया।

न्यायालय ने बीमा कम्पनी के उत्तरदायित्व के संदर्भ में अपने आदेश में कहा कि केवल हल्के वाणिज्यिक वाहन व हल्के मालवाहन के संदर्भ में एंडोर्समेंट नहीं होने के कारण बीमा कम्पनी उत्तरदायित्व से नहीं बच सकती है तथा ड्राईवर को इसके परिचालन का अधिकार नहीं होने की बात कहना उचित नहीं है। यह निर्णय मुकंद देवांगन बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी संबंधित आदेश में स्पष्ट किया जा चुका है।

